साहिबगंज जिला
से प्रकाशित
नवसंदेश दृष्टि

वर्ष 01
अंक 264

# नवसंदेश दृष्टि

सच्ची समाज की तस्वीर




Rajmahal News: बरामदे में सो रहा था परिवार, चोरों ने घर को बनाया निशाना

सोमवार, 21 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 01 | मूल्य 5 रूपये | RNI: JHBIL/26/A0972 | navsandeshdrishti.com

**ब्रेकिंग न्यूज़** Rajmahal News: बरामदे में सो रहा था परिवार, चोरों ने घर को बनाया निशाना • Dhanbad News: वासेपुर में दिनदहाड़े फायरिंग, फहीम खान के भाई शानू समेत तीन घायल; आठ खोखे बरामद

## Rajmahal News: बरामदे में सो रहा था परिवार, चोरों ने घर को बनाया निशाना




📍 राजमहल ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 1

राजमहल : थाना क्षेत्र के मंडई सुखार फाटक निवासी मंसूर शेख के घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन की चोरी कर ली। घटना 19 सितंबर 2026 की देर रात की बतायी जा रही है। घटना के बाद गृहस्वामी ने राजमहल थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नकदी-जेवर और मोबाइल ले उड़े चोर प्राथमिकी के अनुसार, रात में खाना खाने के बाद मंसूर शेख घर के बाहर बरामदे में सो गये थे, जबकि उनके पुत्र और पुत्री कमरे के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में दाखिल हो गया। चोर ने कमरे में रखे बक्से को खंगाला और उसमें रखे करीब पांच हजार रुपये नकद, डेढ़ भरी सोने एवं चांदी के आभूषण तथा एक मोबाइल फोन लेकर मौके से फरार हो गया। सुबह आंख खुली तो बिखरा मिला सामान सुबह करीब चार बजे मंसूर शेख की नींद खुली तो घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। जांच करने पर बक्से से नकदी, आभूषण और मोबाइल गायब मिले। इसके बाद परिजनों को चोरी की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी गयी। राजमहल थाना पुलिस ने कांड संख्या 324/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोर की पहचान और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

## Dhanbad News: वासेपुर में दिनदहाड़े फायरिंग, फहीम खान के भाई शानू समेत तीन घायल; आठ खोखे बरामद



📍 धनबाद ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 1

धनबाद। धनबाद के वासेपुर इलाके में सोमवार को दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना से सनसनी फैल गई। भूली मोड़ के समीप बाइक सवार दो हमलावरों ने फहीम खान के भाई शानू खान को निशाना बनाकर कथित रूप से फायरिंग की। घटना में शानू खान समेत तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। बताया गया कि घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है। शानू खान भूली मोड़ के पास कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान लाल रंग की बाइक पर सवार दो लोग वहां पहुंचे और अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। फायरिंग होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। हमलावर कुछ देर गोली चलाने के बाद बाइक से हरि मोड़ की ओर फरार हो गए। शानू की बांह में लगी गोली, दो अन्य घायल गोलीबारी में शानू खान की बांह में गोली लगने की जानकारी है। वहीं भूली मोड़ स्थित चतरा स्टोर के संचालक सद्दाम को दो गोलियां लगने की बात सामने आई है। घटनास्थल पर मौजूद एक महिला के भी घायल होने की जानकारी है। तीनों घायलों को तत्काल नामधारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए अशर्फी अस्पताल रेफर किए जाने की जानकारी है। घटनास्थल से आठ खोखे और दो जिंदा कारतूस बरामद घटना की सूचना मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना, भूली थाना और टीएसपी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान मौके से आठ खोखे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए जाने की जानकारी है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके और उनके भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके। प्रिंस खान गिरोह के एंगल से भी जांच पुलिस इस घटना की जांच में प्रिंस खान गिरोह से जुड़े संभावित एंगल को भी देख रही है। बताया जाता है कि शानू खान पर करीब एक वर्ष पहले अलीनगर के समीप भी गोलीबारी हुई थी। स्थानीय स्तर पर पुरानी रंजिश और कथित धमकी को लेकर भी चर्चा है। हालांकि, सोमवार की घटना में किसी गिरोह की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस फिलहाल घटना के पीछे पुरानी रंजिश, आपराधिक वर्चस्व समेत अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही है। इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।




## Sahibganj News: तीनपहाड़-बाबूपुर में 7 घंटे बिजली गुल, जर्जर तार बदलने का होगा काम



📍 राजमहल ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 4

तीनपहाड़। तीनपहाड़-राजमहल विद्युत अवर प्रमंडल के अंतर्गत तीनपहाड़, तीनपहाड़ बाजार और बाबूपुर क्षेत्र में आगामी सोमवार को करीब सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र में जर्जर और खराब बिजली तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। विद्युत विभाग, राजमहल के कनीय अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि तार बदलने के कार्य को लेकर 11 केवीए तीनपहाड़ फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रखी जाएगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विभाग के अनुसार, कार्य पूरा होते ही संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से निर्धारित समय में सहयोग करने की अपील की है, ताकि तार बदलने का कार्य सुरक्षित और समय पर पूरा किया जा सके।




## Godda News: सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर मंत्री ने जताया शोक, परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



📍 गोड्डा ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 1

बलबड्डा। बलबड्डा थाना क्षेत्र के बलबड्डा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्रकला देवी के ससुर रामावतार पासवान के निधन पर ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री सोमवार को रामावतार पासवान के आवास पहुंचीं और दिवंगत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री ने कहा कि परिवार के लिए यह दुख की घड़ी है और इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मंत्री के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे और दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।




## Sahibganj News: हथियार की नोंक पर व्यक्ति से 75 हजार की लूट, पुलिस छानबीन में जुटी



📍 राजमहल ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 3

राजमहल, प्रतिनिधि। राजमहल थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर एक व्यक्ति से 75 हजार रुपये लूटने का मामला सामने आया है। ताफुटोला निवासी अशरफ शेख ने थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है आवेदन के अनुसार, शनिवार रात करीब 8:30 बजे अशरफ शेख राजमहल से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान राजमहल-उधवा मुख्य मार्ग स्थित लखीपुर पेट्रोल पंप के पास कथित रूप से कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने मारपीट करते हुए हथियार दिखाकर उनके पास रखे 75 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने कुछ लोगों की पहचान की बात भी आवेदन में कही है, जबकि अन्य आरोपियों को अज्ञात बताया गया है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की छानबीन की जा रही है।




## Godda News: मंत्री ने सुनीं क्षेत्रवासियों की जनसमस्याएं, समाधान का भरोसा



📍 गोड्डा ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 1

मेहरमा। ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को मेहरमा प्रखंड के खिरौंधी स्थित अपने आवास पर महागामा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर मंत्री के पास पहुंचे और उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखकर आवश्यक पहल की जाएगी। मंत्री ने कहा कि महागामा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर जनसुविधाओं और आमजनों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। जनता की जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी, आवास, नाली, पेंशन समेत विभिन्न स्थानीय समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री ने संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए लोगों को आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर स्थानीय लोग और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।




## Godda News: डॉ. भीमराव आंबेडकर अनुसूचित जाति उत्थान संगठन की बैठक, संगठन मजबूती और जनसमस्याओं पर हुई चर्चा



📍 गोड्डा ✍️ Editor:- फेकन मंडल | 👁 1

मेहरमा। मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के मेहरमा स्थित डाकबंगला के समीप डॉ. भीमराव आंबेडकर अनुसूचित जाति उत्थान संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, अनुसूचित जाति समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और जरूरतमंद लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन की प्रखंड कार्यकारिणी समिति का गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से मुकेश कुमार दास को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं संजय दास, कुंदन पासवान, उपेंद्र रविदास और सुबोध दास को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। अमृता कुमारी, मोती दास और उमाशंकर पासवान को महासचिव तथा अरविंद पासवान को सचिव मनोनीत किया गया। कुलदीप मेहतर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा गौतम पासवान और पप्पू दास को मीडिया प्रभारी तथा नागेश्वर पासवान को प्रखंड विधि-व्यवस्था प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के सलाहकार के रूप में अरुण दास, रामानंद दास, गुलजारी दास और धर्मेंद्र पासवान का चयन किया गया। जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार दास ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के कई लोग अब भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। ऐसे जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संगठन स्तर से पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों के सुख-दुख में संगठन हरसंभव सहयोग करेगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष मुद्दों को उठाया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि प्रखंड स्तर पर संगठन के गठन के बाद प्रत्येक पंचायत में भी संगठन का विस्तार किया जाएगा। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही शोषित और वंचित परिवारों को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। बैठक में स्नेहलता भारती, वरुण कुमार, हीरालाल दास, पिंकू दास, दिलीप दास, बमबम दास, अनमोल कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मुद्रक – स्वामी – प्रकाशक, फेकन मंडल, द्वारा आडवैत प्रिंटिंग प्रेस, नागपुर महाराष्ट्र, 441108 / प्रधान संपादक – फेकन मंडल, प्रधान कार्यालय मकान संख्या 26, अपग्रेड हाई स्कूल के समीप,पश्चिमी जामनगर, थाना-राजमहल, जिला-साहिबगंज झारखंड, पिन कोड – 816108, पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार।